## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### आज मंडी में अनाज लेकर नहीं आएं किसान, नहीं होगा खरीद कार्य

**इटारसी , देशबन्धु।।** वार्षिक लेखाबंदी के कार्य के लिए कल 1 अप्रैल को कृषि उपज मंडी में अनाज खरीद का कार्य नहीं होगा। मंडी प्रबंधन ने किसानों से निवेदन किया है कि वे कल 1 अप्रैल मंगलवार को अपनी उपज लेकर न आएं। कृषि उपज मंडी सचिव अरविंद परिहार ने बताया कि इटारसी मंडी में 1 अप्रैल को नीलामी कार्य बंद रहेगा। व्यापारी संघों की मांग पर वार्षिक लेखा बंदी कार्य के लिए 1 अप्रैल मंगलवार को नीलामी (घोष)विक्रय कार्य बंद रहेगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है, कि इटारसी मंडी में कृषि उपज विक्रय के लिए 2 अप्रैल को लेकर आएं।

### राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मिकी का स्वागत किया



**इटारसी , देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मिकी का यहां रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आने पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और उनसे संगठन तथा पार्टी संबंधी चर्चा की। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि जबलपुर से भोपाल जा रही थीं। इटारसी रेलवे स्टेशन पर नगर पालिका में स्वास्थ्य समिति के सभापति राकेश जाधव, सभापति मनजीत कलोशिया, वाल्मीकि समाज उप पटेल रमेश महोरिया, वाल्मीकि समाज चौधरी शेंकी चुटीले, वाल्मीकि महासभा अध्यक्ष विक्रम डागोरिया, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रोहित वैश्कर, विशाल कुशवाहा, बेअंत बंजारा, विशाल चावरे, ऋतिक चौहान, मोनू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सेवा भारती छात्रावास से अग्निवीर योजना के लिये छात्राओं का चयन



**इटारसी , देशबन्धु।** सेवा भारती छात्रावास धुरपन में 24 छात्राओं का चयन अग्नि वीर योजना के अंतर्गत किया गया। इस योजना में ट्रेनिंग के लिये फार्म भरवाये। सर्वप्रथम अतिथि आईजी मिथिलेश शुक्ला, पूर्व डीजीपी महेंद्र शुक्ला, आशा शुक्ला, सतीश अग्रवाल, अर्चना दुबे, ओमप्रकाश सिसोदिया, सोनू बिंद्रा को मंचासीन किया।

भारत माता का पूजन एवं ट्रेनिंग में उपयोग किए जाने वाले अस्त्र-शस्त्र का भी पूजन किया। सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं मालाओं से सेवा भारती के जिलाध्यक्ष सतीश सांवरिया, अंजू अग्रवाल, सुनैयना तिवारी, जागृति भदौरिया, निर्मल सिंह राजपूत, सोनू बिन्द्रा ने किया। अग्निवीर की ट्रेनिंग श्रद्धा राजपूत, जय श्री रैकवार एवं जिला खेल अधिकारी उमा पटेल द्वारा दी जाएगी। मंच का संचालन आरती शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि आईजी मिथिलेश शुक्ला ने छात्राओं को मन से डर को निकालने एवं निडरता के लिए तैयार किया। उन्होंने कहा मैं बिना बुलाए भी किसी भी वक्त यहां पर अपनी उपस्थिति दे सकता हूं। पूर्व डीजीपी महेन्द्र शुक्ला एवं आशा शुक्ला ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सेवा भारती के जिला अध्यक्ष सतीश सांवरिया ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अग्निवीर योजना में जाने वाली छात्राएं अपने पैरों पर खड़े होकर दूसरों के घरों की भी रक्षा करेंगी। इस अवसर पर अरविंद गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, गुरमुख सैनी, जगदीश खंडेलवाल, विजय अग्रवाल, संदीप खंडेलवाल, नारायण सोनी, श्यामसुन्दर सोनी, मोहन गुप्ता, जगदेव, मोहन गौर, अशोक मालवीय, हरीश अग्रवाल, आशीष सोलंकी, कैलाश रैकवार एवं देवेंद्र ध्रुवे पूर्णकालिक उपस्थित थे।

### मानसरोवर ने की नव संवत्सर की काव्यात्मक शुरुआत



**इटारसी, देशबन्धु।** मानसरोवर साहित्य समिति के तत्वावधान में नव संवत्सर प्रारंभ होने पर गुड़ी पडवा के अवसर पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रेम शंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में आयोजित काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता मानसरोवर साहित्य समिति के अध्यक्ष राजेश दुबे ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गजलकार डॉ सतीश शमी मौजूद रहे। शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना कार्यक्रम के संयोजक कवि गुलाब भूमरकर ने प्रस्तुत की। उनकी कविता 'नए साल में कुछ तो नया करके हम बतायेंगे, बस एक फूल गुलाब का मां के चरणों में चढ़ायेंगे' ने खूब वाह-वाही लूटी। काव्य गोष्ठी में राम वल्लभ गुप्त, टीआर चौलकर, सतीश शमी, डॉ आजाद सिंह, गुलाब भूमरकर, रूपेंद्र गौर, विनय चौरे, अविनेश चंद्रवंशी, चंद्रशेखर साखरकर, हनीफ खान, कमल पटेल, प्रवीण कुमार शर्मा, बृजमोहन सिंह सोलंकी, पं. रामाधार तिवारी की प्रस्तुतियों से श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। संचालन साहित्यकार विकास उपाध्याय ने तथा आभार प्रदर्शन संस्था के प्रचार सचिव सौरभ दुबे ने किया।

# खेल स्टेडियम की लाइट कटी, अंधेरे में प्रेक्टिस नहीं कर पा रहे खिलाड़ी





**इटारसी, देशबन्धु ।** पिछले दिनों विधायक डॉ.सीतासरन शर्मा ने विधानसभा में इटारसी में स्थित श्रीमंत विजयराजे सिंधिया खेल प्रशाल में सुविधा जुटाने प्रश्न उठाया था और जवाब में खेल मंत्री ने यहां व्यवस्थाओं के लिए बजट स्वीकृत करे का भरोसा दिया था। बजट तो दूर, इस स्टेडियम में विगत दस दिनों से लाइट नहीं होने से खिलाड़ी शाम का अभ्यास नहीं कर पा रहे हैं।

खिलाड़ियों और यहां उनको प्रशिक्षण देने वाले कोच का कहना है कि श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल स्टेडियम खेड़ा की लाइट पिछले 10 दिनों से खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदापुरम द्वारा बिजली का बिल न भरने से बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण शाम के समय खिलाड़ियों को अभ्यास करने में अंधेरे का सामना करना पड़ रहा है। पानी की व्यवस्था न होने से ग्राउंड पूरा सूख गया है। इस स्टेडियम में फुटबॉल ही नहीं एथलीट, पुलिस भर्ती की तैयारी पर आने वाले बच्चे, बास्केटबॉल के खिलाड़ी यहां पर सुविधाओं के अभाव के बावजूद प्रैक्टिस करते हैं। छोटे-छोटेखिलाड़ियों ने नर्मदापुरम कलेक्टर और खेल मंत्री से जल्द से जल्द स्टेडियम में बिजली व्यवस्था को ठीक करने की गुहार लगाई है।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल में स्टाफ की नियुक्ति, बिजली बिल, संपत्ति रखरखाव के लिए कब कितनी राशि जारी की गई है, जैसे कई सवाल नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विस में उठाए। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सवालों के जवाब में बताया कि नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल के रख-रखाव हेतु आउटसोर्स पर 02 सुरक्षाकर्मी, 01 सफाईकर्मी, 01 ग्राउण्डमैन एवं खेल सिखाने हेतु 03 सहायक प्रशिक्षक (एथलेटिक्स, बास्केटबाल, बैडमिन्टन) की स्वीकृति की गई है। खेल प्रशाल के विद्युत देयकों सहित अन्य संपत्ति के रख-रखाव हेतु प्राप्त बजट एवं व्यय की जानकारी पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार है। खेल मंत्री ने कहा है कि खेल प्रशाल इटारसी में खेल सुविधाओं एवं प्रशिक्षकों की नियुक्ति हेतु शासन नियमित बजट आवंटन भी करेगा।

**इनका कहना है...**

हम लोग नियमित बिल जमा करते हैं, एक दिन लेट होने पर भी बिजली विभाग कनेक्शन काट देता है। हमने कलेक्टर की मीटिंग में भी यह मुद्दा रखा है, अभी कनेक्शन जुड़वाने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**उमा पटेल, जिला खेल अधिकारी नर्मदापुरम**

हम किसी भी शासकीय बिजली कनेक्शन को एक दिन की बिल बकाया में नहीं काटते, उनका चार माह का 44 हजार रुपए का बिल बकाया है। वे कहते हैं कि भर दिया, लेकिन डीटेल भी नहीं देते हैं।

**अखिलेश कनोजे, प्रबंधक शहर, मप्र मक्षेविविकं**

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने स्कूलों में भोजन की गुणवत्ता जांचने लिए नमूने , प्रयोगशाला भेजे

**इटारसी ।** जिला प्रशासन के निर्देशन पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने विभिन्न स्कूलों में मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता जांचने सेंपल एकत्र किये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शालाओं में विद्यार्थियों को परोसे जाने वाले भोजन एवं भोजन बनाने वाले किचिन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गुणवत्तापरक भोजन सामग्री की जांच के लिए तैयार भोजन के नमूने लिए।



निरीक्षण में विभिन्न प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में स्वसहायता समूहों द्वारा संचालित भोजन विनिर्माण स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों से खाद्य सामग्री, जैसे पूड़ी, पराठा, दाल-सब्जी के नमूने एकत्र किए।

इन समूहों का निरीक्षण किया- खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शंकर स्वसहायता समूह रैसलपुर, ज्योति स्वसहायता समूह रैसलपुर, पूजा स्वसहायता समूह मिसनखेड़ा इटारसी, कावेरी आजीविका स्वसहायता समूह ब्यावरा, सुरभि स्वसहायता समूह इटारसी, रिद्धि-सिद्धि स्वसहायता समूह इटारसी, सहेली स्वसहायता समूह इटारसी, जीवनदायनी स्वसहायता समूह इटारसी का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थ के नमूने एकत्र किये।

कुल 55 नमूने लिऐ- खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने अब तक कुल 55 तैयार भोजन सामग्री के नमूने एकत्र किए गए हैं और इन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला में परीक्षण हेतु भेजा जा रहा है। इस कार्यवाही के दौरान मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र सिंह राणा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दियावार ने निरीक्षण और नमूना संग्रह किया।

# ईद-उल-फितर पर अता की गई विशेष नमाज





**इटारसी , देशबन्धु।** ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार कोअकीदत के साथ मनाया। मुस्लिम धर्मावलंबी अलग-अलग मस्जिदों और ईदगाह में तय वक्त पर नमाज अता करने पहुंचे। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, रमजान के बाद शव्वाल की पहली तारीख को ईद-उल-फितर मनायी जाती है।

इस वर्ष देश के अनेक स्थानों पर वक़्फ़ बिल के विरोध में कुछ मुस्लिम कमेटियों के आह्वान पर मस्जिदों में काली पट्टी बांधकर नमाज अता की गई। अमन के शहर इटारसी में ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया गया। यहां स्पष्ट तौर पर कहा गया था कि ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। अंजुमन कमेटी के सदर निसार अहमद सिद्दीकी ने कहा कि मुल्क में अमन चैन की दुआ के साथ शांतिपूर्ण तरीके से नमाज हुई और सद्भावना पूर्वक त्योहार मनाया जा रहा है।

अंजुमन कमेटी के सदर सिद्दीकी ने बताया कि सबसे पहले सुबह 8:30 बजे नाला मोहल्ला ईदगाह में पहली नमाज अता की गई। सुन्नी ईदगाह जामा मस्जिद में, जामा मस्जिद पांचवी लाइन, मोहम्मदी मस्जिद पीपल मोहल्ला, रज़ा मस्जिद आर्डनेंस फैक्ट्री और चांदौन मस्जिद में 8:45 बजे अकीदतमंदों ने ईद की विशेष नमाज अता की। हुदा मस्जिद नयायार्ड में 8:30 बजे नमाज अता हुई। सभी मस्जिदों में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ की गई।

**सुरक्षा के विशेष इंतजाम** - ईद की विशेष नमाज के लिए मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। सभी मस्जिदों के पास पुलिस बल मौजूद रहा। ईद की विशेष नमाज के बाद सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने एकदूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकवाद पेश की। सभी ने सेवईयां खिलाकर सबका मुंह मीठा कराया।

## जनता की मांग लेकर कांग्रेस करेगी नपा का घेराव

**इटारसी, देशबन्धु ।** नगर कांग्रेस कमेटी की श्री प्रेमशंकर दुबे स्मृति पत्रकार भवन में बैठक में नगर पालिका परिषद इटारसी द्वारा संचालित बेलगाम कार्यशैली, अधिकारियों और सत्ता पक्ष की मनमानी के चलते जन विरोधी नीतियों को लागू करने के विरोध में सात सूत्री बिंदुओं एवं मांगों को लेकर नगर पालिका को घेरने की तैयारी के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया कि किन-किन मांगों को लेकर नगर पालिका को घेरा जाए। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को नगर पालिका इटारसी का साधारण व्यापक सम्मेलन था, जिसमें नगर पालिका की स्वामित्व वाली दुकानों का किराया एवं टैक्स वृद्धि करने पर प्रस्ताव पास किया। जिस पर कांग्रेस के समस्त पार्षदों एवं संगठनों ने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया था। इस प्रस्ताव के विरोध में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सात दिन के भीतर उक्त प्रस्ताव को वापस लेने अथवा अपील समिति में रखने संबंधी अल्टीमेटम दिया था। इसी मुख्य विषय को लेकर अब कांग्रेस नगर पालिका को घेरने की तैयारी में है। जायसवाल ने बताया कि समस्त व्यापारी संगठनों के साथ लेकर एक बड़ा आंदोलन बुधवार 2 अप्रैल को किया जाएगा।



## अग्निपीड़ित किसानों से मिले राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारी



**इटारसी, देशबन्धु ।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने अग्नि पीड़ित किसानों को क्षतिपूर्ति दिलाने दौरा कर किसानों से बातचीत की और क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। संगठन के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा, शिवराज राजोरिया जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम, जितेंद्र भार्गव मध्य भारत प्रांतीय उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष इटारसी ने गजपुर, घोघरी के किसानों से मुलाकात कर आश्वस्त किया है। इस दौरान बताया गया कि किसान दिलीप वल्द हजारीलाल चौरे की आधा एकड़, सुरेश गोकल राजपूत 1 एकड़, यशवंत राजपूत 2 एकड़, विश्राम झगड़ु राजपूत डेढ़ एकड़, संतोष रघुनंदन 4 एकड़, जगदीश घोंसी की डेढ़ एकड़, दुलारे धन्नालाल 4.30 एकड़ एवं दमदम ग्राम की 14 एकड़ जमीन में गेहूं की खड़ी फसल जलकर खाक हुई थी। इस दौरान थाना प्रभारी गुर्रा से महासंघ के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि दमदम में आगजनी की जांच कर हार्वेस्टर मालिक पर प्रकरण दर्ज किया जाए जिससे पीड़ित किसानों को न्याय मिल सके।

## इटारसी नपाध्यक्ष ने किया तीन पार्क, संजीवनी क्लीनिक, आंगनबाड़ी भवन और सड़क निर्माण का निरीक्षण

**इटारसी, देशबन्धु।** नगरपालिका अध्यक्ष इटारसी पंकज चौरे ने वार्ड 13 और 14 में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां वार्ड 13 में विकसित किए जा रहे तीन पार्क, संजीवनी क्लीनिक, आंगनबाड़ी भवन के अलावा वार्ड 14 में हाल ही में बनी सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्व सभापति व वार्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, वार्ड 14 के पार्षद संजय ठाकुर मौजूद थे।

निरीक्षण की शुरुआत वार्ड 13 में विकसित किए जा रहे पार्क से हुई। नपाध्यक्ष श्री चौरे ने यहां पार्क बाउंड्रीवाल का निरीक्षण किया। पार्षद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर ने बताया कि यहां पार्क इस तरह से विकसित किए जा रहे हैं जिससे यहां के नागरिकों को रोड चौड़ी भी मिल जाए। श्री ठाकुर ने बताया कि साईं मंदिर के पास मौजूद पार्क का निरीक्षण नपाध्यक्ष श्री चौरे को कराया है। यहां बाउंड्रीवाल निर्माण के साथ ही एक सामुदायिक भवन प्रस्तावित है। इसी के साथ ही कालोनी के एक अन्य क्षेत्र स्थित पार्क में बन रही आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण भी नपाध्यक्ष श्री चौरे ने किया। यहां आंगनबाड़ी निर्माण के बाद पार्क की बाउंड्रीवाल भी की जाएगी।



नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने प्रकाश उद्यान के पास बन रही संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण भी पार्षद प्रतिनिधि श्री ठाकुर के साथ किया। उन्होंने निर्माण की कार्य की प्रशंसा की। चौरे ने वार्ड 14 में पार्षद संजय ठाकुर के साथ यहां हालही में बनी मुख्य रोड का निरीक्षण किया और निर्माण पर संतोष जाहिर किया। यहां महिलाओं ने नपाध्यक्ष पंकज चौरे के प्रति आभार जताया है। साथ ही कुछ समस्याएं भी नपाध्यक्ष को बताई जिसे शीघ्र ही हल करने का वादा नपाध्यक्ष श्री चौरे ने किया। वार्ड 13 की पार्षद अमृता ठाकुर ने बताया कि वार्ड में करीब एक करोड़ के निर्माण कार्य चल रहे हैं एवं एवं वार्ड के प्रमुख सभी ग्राउंडों में बाउंड्री बाल एवं रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है साथ ही पवन तिवारी के मकान से लेकर कमल दरड़ा के मकान तक एवं शेखर सोनी के मकान के सामने डामर रोड का कार्य भी प्रारंभ होगा।

## पुस्तक और गणवेश मेले में कॅरियर मार्गदर्शन शिविर एक सराहनीय पहल साबित हुआ

**नर्मदापुरम , देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के अनुसार जिला शिक्षा विभाग के द्वारा दो दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश विक्रय मेला का आयोजन शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में किया गया। मेले में अभिभावकों ने उत्साह से बच्चों के लिए संबंधित विद्यालय की किताबें उचित मूल्य पर खरीदी। 2 दिन चले पुस्तक गणवेश मेला में पालकों और बच्चों की भीड़ रही। 700 अभिभावकों ने मेले से पुस्तकों को खरीदी कर शासन की पहल को सकारात्मक और सराहनीय बताया।



जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय प्रताप बिसेन ने बताया कि शिविर में कक्षा 10 वीं और 12 वीं के छात्रों को उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए। कक्षा 10 वीं के छात्रों को विभिन्न संकाय विकल्पों की जानकारी दी, जो उन्हें अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार आगे का रास्ता चुनने में मदद करेगी। वहीं, कक्षा 12 वीं के छात्रों को सरकारी और निजी क्षेत्रों में उपलब्ध करियर अवसरों से अवगत कराया, जिससे वे अपने कौशल को सही दिशा में उपयोग कर सकें। खास तौर पर कोविड-19 के बाद के बदलते परिदृश्य में करियर विकल्पों पर ध्यान देना इस आयोजन की प्रासंगिकता को और बढ़ाता है। शिविर में विशेषज्ञों की भागीदारी ने इसे और प्रभावी बनाया। डॉ. गणेश पटेल संभागीय मास्टर ट्रेनर और श्रीमती सरिता पाल, श्रीमती सारिका तिवारी, सुश्री शायना खान कीर्ति तिवारी, दीप्ति दीवान, नीलिमा साहू, अनुभवी शिक्षकों ने छात्रों को प्रेरित करने और उनके सवालों का समाधान करने में अहम भूमिका निभाई। इसमें में राजेश गुप्ता, डॉ राजेश जायसवाल, नोडल विनोद कुमार तिवारी, सपना गोलानी बीआरसी, वीके नरवरिया, डीएन व्यास, आयुष खापरे, संतोष बावरिया, आशुतोष शर्मा, आनंद दुबे, राकेश कुमार तिवारी, सुनील दुबे, हरवीर गौर का विशेष सहयोग रहा।

## अंडर 13 आयु वर्ग के लिए नर्मदापुरम की टीम घोषित

**नर्मदापुरम , देशबन्धु।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में नर्मदा पुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एडब्ल्यू कनमड़ीकर ट्रॉफी अंडर 13 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए नर्मदापुरम टीम की घोषणा हुई। नर्मदापुरम टीम के कोच अनिकेत परमार एवं मैनेजर चेतन राजपूत होंगे। नर्मदापुरम के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि एडब्ल्यू कनमड़ीकर ट्रॉफी अंडर 13 बॉयज क्रिकेट प्रतियोगिता के पूल सी के मैच एमपीसीए ग्राउंड नर्मदापुरम में होंगे। प्रथम मैच नर्मदा पुरम संभाग एवं उज्जैन संभाग के मध्य दो दिवसीय मैच 1 अप्रैल से खेला जाएगा। प्रतियोगिता के पूल सी में नर्मदापुरम, उज्जैन एवं शहडोल की टीम हिस्सा लेगी।

# चलती अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस ट्रेन में आग





**इटारसी, देशबन्धु।** बानापुरा और खुटवासा रेलवे स्टेशन के मध्य अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस के जेनरेटर और पार्सल बोगी में आग लगने से हड़कंप मच गया। घटना शाम करीब 4 बजे के आसपास की बतायी जाती है।

ट्रेन दोपहर करीब 2 बजे खंडवा से इटारसी की ओर रवाना हुई थी। धरमकुंडी स्टेशन निकलने के बाद खंबा नंबर 724/12 के पास ट्रेन गार्ड ने धुआं निकलते देखा तो ट्रेन को अचानक रोका। ट्रेन के रुकने और आग की सूचना से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद ट्रेन को करीब सवा घंटे रोका गया और आग वाले कोचों को ट्रेन से अलग किया। आग लगने की इस घटना के कारण खंडवा से इटारसी आने वाला रेलवे डाउन ट्रैक पर यातायात बंद हो गया था। आग ट्रेन की आखिरी में लगे जनरेटर और पार्सल बोगी में लगी थी। बोगी में स्टील के बर्तन के कार्टून भरे थे। आग के साथ धुआं उठने से जनरेटर कोच के कर्मचारी तुरंत बाहर निकले। सूचना के बाद दमकल को बुलाया। डोलरिया थाना पुलिस और आरपीएफ इटारसी से बल मौके पर पहुंचा। ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन के रुकते ही यात्री नीचे उतरे।

# देश की हिफाजत और भाईचारे की दुआं मांगकर मनाई ईद

### गले मिलकर दी मुबारकबाद, बांटी मिठाईयां

**बनखेड़ी ,देशबन्धु।** मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सोमवार को नगर की ईदगाह में ईदुल फितर का पर्व मनाया। एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। सुबह करीब साढ़े 9.30 बजे स्थानीय ईदगाह में ईद की विशेष नमाज अदा की गई।

इसके पहले पेश इमाम मुहम्मद इमरान अजहरी साहब ने ईद पर बयान देते हुए ईद का विस्तारपूर्वक महत्व बताया। एक-दूसरे का सहयोग, सम्मान करने, असहाय, पड़ोसियों की मदद करने की बात बताई। इसके बाद नमाज अता करके सामूहिक दुआं मांगी। जिसमें देश की हिफाजत, तरक्की, खुशहाली, आपसी भाईचारे की दुआं मांगी गई। प्रशासन के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। ईदगाह पर तहसीलदार अलका इक्का, नायब तहसील राम सिपाही मरावी, थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक सहित पुलिस बल उपस्थित रहा। मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज के उपरांत सवइयां खिलाकर खुशी इजहार की। बच्चों को ईदी बांटी। इस दौरान सदर इमरान खान, हाजी मोहम्मद सोहराब, हामिद बेग मिर्जा, अबरार अहमद, अहफाज पेंटर, शमशेर खान सहित तहसीलदार अलका एक्का, नायब तहसीलदार राम सिपाही मरावी, थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, प्रशासनिक अमला सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य मौजूद रहे।



**10 साल की उम्र में रखे 28 रोजे** - इस्लाम धर्म के अनुसार रहमत और बरकत वाले माहे रमजान में रोजे रखना सभी बालिगों पर फर्ज है। इसके बावजूद 10 साल के मोहम्मद फरहान उर्फ जैद पिता मोहम्मद जावेद ने भी 28 रोजे रखे, जो करीब 40 डिग्री से तेज गर्मी में 13 घंटे 45 मिनट तक लंबे रहे। इसके साथ ही पांचों वक्त की नमाज और तराबीह की नमाज भी समय- समय पर अदा की गई।

# नई कृषि उपज मंडी परिसर में 1 करोड़ 98 लाख की लागत से बनाई 20 दुकानों का निर्माण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के सरकारी दफ्तरों में इन दिनों घटिया निर्माण कार्य की अनदेखी करना प्रशासनिक अधिकारियों का स्वभाव आदत बन चुकी है। करोड़ों रुपए की राशि से कराए गए निर्माण कार्यों में कृषि विभाग के जिम्मेवार अधिकारी से लेकर उपयंत्री और सहायक यंत्री की बढ़ती कमीशनखोरी की वजह से घटिया निर्माण करवाया गया है। खरगापुर कृषि उपज मंडी और नवीन मंडी देवपुर पर रोड निर्मित दुकानों का निर्माण हरिओम कंट्रंशन कंपनी जतारा द्वारा घटिया सामग्री का इस्तेमाल से करवाया था। हाल में उन दुकानों की हालात यह है कि कई दुकानों में दरारें पड़ चुकी है तो वहीं छत के सरिया देखने लगे है। वहीं मंडी परिसर में टीन शेड के चबूतरों की हालात तो जर्जर हो गई। देखा जाए पुरानी मंडी में लाखों की लागत से बनाए गए पार्क का भी कही नाम और निशान तक नहीं देख रहा है।

गौरतलब है कि खरगापुर नवीन किसी उपज मंडी में दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसका टेंडर हरिओम कंस्ट्रक्शन कंपनी जतारा को मिला था। नवीन कृषि उपज मंडी परिसर में 20 दुकानों निर्माण कार्य स्वामित्व योजना के तहत 1 करोड़ 98 लाख लगभग लागत से दुकानों का निर्माण करवाया जा रहा है। टेंडर ठेकेदार ने पेटी ठेकेदार देकर दुकानों का निर्माण क्रेशर निकलने वाली पत्थर डस्ट का इस्तेमाल कॉलम भराई और दीवारों की चुनाई कराई गई। वहीं नदी नालों से निकलने वाली मिट्टी युक्त रेता का उपयोग कर रहे है। वहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की बढ़ती कमीशखोरी की वजह से घटिया युक्त सामग्री उपयोग कर दुकानों निर्माण कार्य धड़ल्ले से कर रहे है।

### इनका कहना है

कृषि उपज मंडी परिसर में स्वामित्व योजना के अंतर्गत दुकानों को निर्माण कार्य चल रहा है। गुणवत्ता के बारे में जिन व्यापारियों की दुकानों का निर्माण के संबंध में जानकारी ले सकते हैं।

**लक्ष्मण गौड**
सब इंजीनियर कृषि उपज मंडी खरगापुर

# गोदाम के बाहर खड़ी कार में आग लगी, गैस सिलेंडर रिफिलिंग के दौरान हादसा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार देर रात दो जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। पहली घटना रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मां लक्ष्मी पैलेस के पास स्थित कुशाग्र जैन के घर में बने गोदाम के बाहर हुई। यहां खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। दूसरी घटना पुरानी टिहरी में बने बंडा नाले में हुई। आसपास के लोग नाले में कचरा फेंक देते हैं। देर रात कचरे में आग लग गई। इस दौरान पूरे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल रहा। हालांकि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई है। मंडी रोड पर मां लक्ष्मी पैलेस होटल के बगल में बनी गली में कुशाग्र जैन ने गोदाम बना रखा है। रविवार रात गोदाम के बाहर अपनी कार में घरेलू गैस सिलेंडर की रेसलिंग कर रहा था। इसी दौरान आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही एसपी मनोहर सिंह मंडलोई और एसडीओपी राहुल कटरे को जानकारी दी गई। टीआई पंकज शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरेलू गैस सिलेंडर की रिफिलिंग के दौरान हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाया। जांच में सामने आया कि रिहायशी कॉलोनी में एक व्यापारी ने अवैध रूप से गोदाम बना रखा है। कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई इन घटनाओं में बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अवैध गोदाम के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है।

## विवाह वाटिका के बगल में लगी आग, आधे खेत की फसल जलकर खाक



**जतारा, देशबन्धु।** नगर के ग्रीन वाटिका स्थित कुंड पहाड़ी के मंदिर के पास नगर एव आसपास की ग्रामीण क्षेत्र की लोगों द्वारा विवाह आदि कार्यक्रम संपन्न किए जाते हैं। इसी कंपाउंड में एचडीएफसी बैंक भी स्थित है। उसी के बगल वाले खेत मे आज भीषण आग लग गयी, लेकिन मौके पर तुरंत आग बुझाने वाले अग्निशामक यंत्र भी नहीं मिले। फायर ब्रिगेड द्वारा बमुश्किल आग पर काबू पाया गया। सोमवार को 4 बजे के लगभग ग्रीन वाटिका के बगल में स्थित गेंहू के खेत में अचानक से आग लग गई। आग की चिंगारियां को देखकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पाने के लिए प्रयास शुरू किया। इसी बीच घटना की जानकारी राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा जतारा थाना पुलिस को मिलते ही तत्काल मौके पर नगर परिषद जतारा की फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजा गया। किसी तरह से आग पर काबू पाया जा, जिससे आसपास के किसानों की फसलों भी बच गई। ग्रीन वाटिका के संचालक सिद्दीक खान के खेत में आग लग गई आग बुझाने के लिए बैरवार गांव के राममिलन यादव, सोनू पटेरिया जतारा नगर के हनीफ मसूरी, डॉ अंशुमान दीक्षित आदि के द्वारा आग बुझाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है। जिससे किसान के खेत में लगी गेहूं की लगभग दो बीघा जलने के बाद बाकी बच गई है, और बड़ी घटना घटित होने से बच गई है। सदर पटवारी रवि दांगी ने बताया कि किसान के खेत पर पहुंच कर पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन तहसीलदार को प्रस्तुत कर आर्थिक सहायता के लिए प्रकरण तैयार किया जाएगा।

## पुलिस टीम ने जुए के फड़ पर छापामार पकड़े 8 जुआरी

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा पुलिस ने रविवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बम्होरी की दलित बस्ती में खेले जा रहे जुए के फड़ पर छापामार कार्यवाही की गई, जिसमें जुआ खेल रहे 8 जुआरियों को पुलिस ने मौके से पकड़ा है। पुलिस ने इन जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया कि 30 मार्च की शाम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बम्होरी की दलित बस्ती में छापामार कार्यवाही कर जुआ खेलते 8 आरोपी सोनू अहिरवार, करन अहिरवार, जितेन्द्र कुमार जैन, शिवचरण अहिरवार, राकेश अहिरवार,अरुण उर्फ दीपक अहिरवार, पुष्पेंद्र अहिरवार निवासी बम्होरी एवं मनीराम अहिरवार निवासी शुक्लान टोरिया को पकड़ा है। पुलिस टीम ने मौके से 52 ताश के पत्ते सहित कुल 6230 जप्त किए। पुलिस ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक नीरज कुमार लोधी, सहायक उपनिरीक्षक कल्याण सिंह, प्रधान आरक्षक विजय सिंह घोष, आरक्षक कपिल शर्मा सहित थाना स्टाफ की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।



## कलेक्टर, एसपी ने ईद पर मस्जिदों सहित शहर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर विवेक श्रोतिय एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा सयुंक्त रूप से शहर में ईद के त्योहार के अवसर पर मस्जिदों के बाहर एवं शहर में लगाई गई सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए भ्रमण किया गया। जिसमें शहर में सुरक्षा के लिए लगाए गए फिक्स पाइंट्स के पुलिस बल, मस्जिदों पर लगे सुरक्षा बल एवं पेट्रोलिंग पार्टियों को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी क्रम मे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मुस्लिम धर्मावलंबियों से मुलाकात की एवं उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही ईद के त्योहार को सभी के साथ मिलकर शांति पूर्वक मनाने की अपील की गई। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की है कि आगामी त्योहार शांति पूर्वक मनाए। एवं किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक व संदिग्ध गतिविधि में शामिल न हों।

## शांति और सद्भाव के साथ मनाया गया ईद उल फितर का त्यौहार



**बल्देवगढ़,देशबन्धु।** नगर में मुस्लिम समुदाय के द्वारा शांति और सौहाद्र के साथ ईद उल फितर का त्यौहार मनाया गया।जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा सोमवार सुबह बजे एकत्रित होकर ईदगाह मस्जिद पहुंचे। यहां पर मुस्लिम रीति रिवाज अनुसार नमाज अदा की गई। इसके बाद समस्त मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन चौन की दुआ मांगी। मौके पर पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था रही। समस्त धर्मों के लोग ईदगाह मस्जिद पहुंचे। जहां पर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद दी और एक दूसरे को गले लगाया। साथ ही पुलिस आरक्षक जितेंद्र राजपूत, अनुज कोरी, मुकेश राय के द्वारा समस्त मुस्लिम समुदाय के लोगों को फलाहार वितरित किए और ईद की मुबारकबाद दी। मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक मिश्रा, प्रेमलाल बुनकर एवं नगर के प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अकीदत के साथ मनाई ईद अमन और चैन के लिए मांगी दुआ



**पलेरा, देशबन्धु।** पलेरा सहित पूरे भारत में ईद उल फितर का पर्व मनाया गया। मुस्लिम धर्म का पवित्र त्योहार ईद उल फितर जिसे स्थानीय भाषा में मीठी ईद भी कहा जाता है। मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा इस पर्व पर नगर की ईदगाह मस्जिद में एकत्रित होकर नमाज़ अदा की गई और देश के अमन और चौन के लिए दुआ मांगी गई। साथ ही नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जानकारी के अनुसार पलेरा नगर की ईदगाह मस्जिद में 8.25 पर ईद की नमाज अदा की गई। पेश इमाम हाफिज मुजीब रजा के द्वारा लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर हाजी जमील अहमद, तुफैल पठान, हाजी इकबाल, रफीक खान, अजीज खान, वाहिद खान, राशिद खान, अब्दुल लतीफ, अनीश खान, वफाती खान माते, समीर खान, अहमद खान, इमरान खान, एहसान मंसूरी, मुकीम शाह, शाहिद सौदागर, नासिर अली, शमशेर आलम सहित सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। साथ ही पुलिस प्रशासन की भी चॉक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली। वहीं पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद वर्मा, पार्षद अभय मोर, विश्व दीप सिंह, रामकुमार यादव सहित अनेक लोगों ने मस्जिद के बाहर आकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही थाना प्रभारी भी इस मौके पर मौजूद रहे।

## कुएं में गिरने से 35 वर्षीय शख्स की मौत



**पलेरा, देशबन्धु।** खजरी चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम जवाहरपुरा के वीरा हार में एक 35 वर्षीय शख्स बब्लेश अहिरवार की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना बीती रात्रि तकरीबन 10 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त शख्स गांव में रहकर मजदूरी का कार्य करता था और शराब का नशा भी करता था। शराब के नशे में उक्त शख्स कुएं में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जैसे ही इसकी जानकारी खेत मालिक को लगी, तो उसके द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा शव को कुएं से बाहर निकाल कर पंचनामा की कार्रवाई की गई। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा लाया गया। जहां पर शव का पीएम किया गया। वहीं पीएम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया है। फिलहाल पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध हथियार लिए घूम रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**पलेरा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक महोदय मनोहर सिह मण्डलोई व्दारा एक विशेष अभियान के तहत अवैध हथियार एवं फायर आर्म्स के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना पलेरा पुलिस को बडी सफलता मिली है। पुलिस को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर नरसिंह मंदिर के पास ग्राम खुमानगंज से आरोपी जयसिंह यादव पिता छिदू यादव उम्र 35 साल निवासी ग्राम खुमानगंज थाना पलेरा को लोहे की तलवार लिये गिरफ्तार किया। पुलिस ने धारा 25(1)(वी) आम्स एक्ट का अपराध पंजीवध्द किया जाकर आरोपी को न्यायालय पेश किया। कार्यवाही मे निरी. मनीष मिश्रा थाना प्रभारी पलेरा, सन्तोष सिह गौड, मनमोहन रैदास, रमाशंकर कुशवाहा, दीपक मिश्रा, लक्ष्मण पटेल, गनपत, कुलदीप चतुर्वेदी, ललित कुशवाहा, अजय राजपूत, ज्ञान सिह सेगर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## दिगौड़ा से लापता युवक को पुलिस ने किया दस्तयाब

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवखा गांव से 21 वर्षीय युवक परिजनों को बिना बताए कहीं चला गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए लापता युवक की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने गुमशुदा युवक को 24 घंटे के अंदर दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी नीरज लोधी ने बताया है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवखा गांव से 25 मार्च को 21 वर्षीय युवक अंकुल घोष दिगौड़ा से लापता हो गया था। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस टीम ने गुमशुदा युवक को आज सोमवार को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। युवक अंकुल ने पुलिस को बताया है कि उसके पिता खेत की फसल काटने को कह रहे थे, जिससे वह नाराज होकर परिजनों को बिना बताए घर से चला गया था।

# सरकारी जमीन पर सरपंच, सचिव ने नियम विरुद्ध करवाया कपिलधारा कूप का निर्माण

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र की आने वाली ग्राम पंचायत पंचायतों में अनियमितताएं एवं भ्रष्टाचार करने के नए-नित मामले देखने को मिल रहे हैं कि ग्राम पंचायत चौबारा में सरपंच घन्सु कुशवाहा, सचिव सुंदरलाल असाटी और उपयंत्री की साठगांठ से सरकारी जमीन पर कपिलधारा कूप निर्माण की सरकारी राशि बंदरबांट करने की मंसा से कूप निर्माण कार्य करवाया गया है। उल्लेखित है, कि मामला ग्राम पंचायत चौबारा निवासी श्रीमति फुलिया बाई पत्नी तिजिया कुशवाहा का वर्ष 2015-16 में मनरेगा योजना के तहत कपिल धारा कूप निर्माण कार्य की स्वीकृत राशि 3 लाख 48 हजार की लागत से स्वीकृत था। लेकिन हितग्राही ने सरकारी भूमि पर नियम विरुद्ध तरीके से कपिलधारा कूप निर्माण कार्य करवाया गया। शिकायतकर्ता संजय शर्मा ने बताया कि खरगापुर तहसीलदार को सीमाकंन करवाया जाने के लिए आवेदन किया था। जिसमें खरगापुर तहसीलदार ने राजस्व अधिकारी और हल्का पटवारी द्वारा मौके जाकर चारों दिशाओं को मिलाकर सीमाकंन कराया था। जिसमें चौबारा हल्का पटवारी प्रतिवेदन में भूमि खसरा नम्बर 179/2 में शासकीय जमीन पर कपिलधारा कूप निर्माण करवाया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने खरगापुर तत्कालीन तहसीलदार लेकर कलेक्टर तक की।



लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए गए, इससे प्रतीत होता है कि सरपंच-सचिव की मिलीभगत से कपिलधारा कूप निर्माण की राशि बंदरबांट कर ली गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कपिलधारा कूप निर्माण कार्य की निपक्ष जांच करने की मांग की। इस संबंध में प्रभारी जनपद सीईओ बल्देवगढ़ एसडीएम भारती मिश्रा से मोबाइल लगाने का प्रयास किया तो मोबाइल की बैल बजती रही है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### अंकुश सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश सचिव नियुक्त



**शाहपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के, निर्देशानुसार कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग में प्रदेश सचिवों की नियुक्ति की गई जिसमें घोड़ाडोंगरी विधानसभा के शाहपुर ब्लाक से अंकुश मिश्रा,शाहपुर को भी प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। इष्ट मित्रों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए अंकुश मिश्रा को बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व विधायक ब्रह्मा भलावी, नितिन महतो, शैलेन्द्र गुप्ता, मिथुन विश्वास, संतोष सराठकर, पहलवान सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री धर्मेंद्र शुक्ला, आशीष परसाई, उपेन्द्र वर्मा, आयुश शुक्ला, पप्पू उइके, सतीष धुर्वे, अमित तिवारी, अजयपाल उईके, कन्हैया वर्मा, विजय वर्मादौलत वंसकार, आशीष मालवीय, सुदामा सोनारे, सेवक किर, अनिल गुप्ता, उमाकांत वर्मा, अविनाश वर्मा, गब्बर वर्मा, रोहित वर्मा, संदीप उपराले, अनिल झल्लारे, अमर इवने,पप्पू उइके, अनुराग चौरे, अरविन्द वर्मा, नितेश यादव, दिनेश यादव, जीतू जोठे, अजीज खान, रोहित राजपूत, दीपक श्रीवास, मोनू जोठे, शुभम कहार इत्यादि ने बधाईयां दी।

### मां शारदा समिति ने शक्ति स्वरूपा नारियों का किया सम्मान



**बैतूल, देशबन्धु।** नवरात्रि नारी शक्ति के आदर और सम्मान का पर्व है। यह महिलाओं को उनके स्वाभिमान और शक्ति का एहसास कराता है और समाज को नारी शक्ति को सम्मान देने की प्रेरणा देता है। हमारे धर्म ग्रंथों में नारी को देवी स्वरूप मानकर उसकी पूजा की गई है और कहा गया है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। इसी विचार को साकार करते हुए बैतूल जिले की मां शारदा सहायता समिति ने उन महिलाओं को सम्मानित करने का बीड़ा उठाया है, जिन्होंने जिले का नाम रोशन किया है। बैतूल निवासी डॉ स्वर्णा पिता राजू गुप्ता तथा उनके पति डॉक्टर विपुल गुप्ता को सोमवार को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ विपुल टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई में कैंसर सर्जन हैं। इसी क्रम में डॉ नंदिनी हिरानी पिता धीरज हिरानी का उनके घर जाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मां शारदा सहायता समिति की अध्यक्ष पिंकी भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष हिमांशु सोनी, शैलेंद्र बिहारिया, निमिष मालवीय, दीप मालवीय, संस्था के संरक्षक मुकेश गुप्ता और धीरज हिरानी उपस्थित रहे।


### ईदगाह में नमाजियों को ठंडा पानी और बच्चों को क्रीम रोल बांटे



**बैतूल, देशबन्धु।** ईद उल फितर के मौके पर समाज सेवा का एक और खूबसूरत उदाहरण देखने को मिला जब आवाज दो, हम जिंदा हैं ग्रुप के सदस्यों ने ईदगाह में नमाज के बाद सभी नमाजियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की। गर्मी के इस मौसम में ठंडा पानी पीकर सभी नमाजियों ने इस पहल की सराहना की। खासतौर पर छोटे बच्चों के लिए इस ग्रुप ने क्रीम रोल का इंतजाम भी किया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

यह कोई पहली बार नहीं है जब इस ग्रुप ने समाज सेवा का ऐसा बेहतरीन उदाहरण पेश किया हो। रमजान के पूरे महीने में ग्रुप के सदस्य रोज़े रखने वालों के लिए नि:शुल्क सेहरी की व्यवस्था भी कर रहे थे। इसके लिए ग्रुप के सदस्यों ने पूरी रात जागकर खाना बनाया और शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर रोज़ेदारों तक सेहरी पहुंचाई। आवाज दो, हम जिंदा हैं ग्रुप की पहचान बैतूल जिले में सबसे अधिक ब्लड डोनेट करने वाले संगठन के रूप में भी है। जब भी किसी मरीज को खून की जरूरत होती है, इस ग्रुप के सदस्य तुरंत आगे आते हैं और मदद पहुंचाते हैं। यह ग्रुप स्वास्थ्य सेवाओं सहित सामाजिक और धार्मिक अवसरों पर भी अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है।

### घायल हिरण को डायल 100 ने पहुंचाया अस्पताल



**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही थाना क्षेत्र में पुलिस की डायल 112/100 टीम ने एक घायल हिरण को समय पर उपचार दिलाकर उसकी जान बचाई। 28 मार्च की रात पिपरिया गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया था। राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई। जानकारी मिलते ही भैंसदेही थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन तुरंत मौके पर रवाना किया गया। डायल-112/100 टीम में शामिल सैनिक सखाराम परते और पायलट गणेश चढ़ोकर मौके पर पहुंचे और घायल हिरण की हालत का जायजा लिया। टीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल हिरण को तत्काल पशु चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# राजीव कप टूर्नामेंट में पीपी लीजेंड बैतूल बनी चैंपियन

**बैतूल, देशबन्धु।** लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम, कोठी बाजार में पिछले एक माह से चल रहे अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट राजीव कप टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में पुलिस प्रशासन लीजेंड बैतूल ने धमाकेदार जीत दर्ज की। सेंट्रल रेलवे नागपुर और पुलिस लीजेंड के बीच हुए इस महामुकाबले में पुलिस लीजेंड ने 4 विकेट से जीत हासिल कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पीपी लीजेंड के संचालक अजय वरवड़े, मनीष वरवड़े और नरेंद्र सिंह ठाकुर को विजेता टीम के तौर पर 3 लाख रुपये का इनाम दिया गया, जबकि उपविजेता सेंट्रल रेलवे नागपुर को 2 लाख रुपये मिले।

फाइनल मुकाबले में पुलिस लीजेंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल रेलवे नागपुर की टीम 20.2 ओवर में 127 रनों पर सिमट गई। विवेक नायडू ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए, जबकि रोहित बीनकर ने 39 रन (37 गेंद) जोड़े। पुलिस लीजेंड के सत्यम संगू ने 4 विकेट, बेस्ट कप्तान



मोहित जावा ने 3 विकेट और रोहन टाक ने 2 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुलिस प्रशासन लीजेंड की टीम ने 17.4 ओवर में 6 विकेट खोकर 128 रन बनाकर जीत दर्ज की। अमित यादव ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 15 गेंदों में 46 रन ठोके, जबकि रणजी प्लेयर रितेश गुड़गे ने 9 गेंदों में 17 रन बनाए। मो. सलमान ने 19 रनों की पारी खेली। सेंट्रल रेलवे नागपुर की ओर से सचिन कटारिया ने 2 विकेट, जगजीत अमोल और तेजस ने 1-1 विकेट लिया।

मैच के बाद भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हेमंत वागद्रे, राष्ट्रीय जनादेश के संपादक मयूर भार्गव, आरएसके कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरेक्टर अरुण सिंह किलेदार, कांग्रेस नेता समीर खान, दैनिक भास्कर के रिपोर्टर अंशुल शुक्ला, पत्रिका समाचार के ब्यूरो चीफ घनश्याम राठौर, श्रीजी शुगर मिल के संचालक अभिषेक गोयल, डैनी उमेश भावसार और परम डिस्ट्रीब्यूटर रेत सप्लायर अंकुर सिंह ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। आयोजन समिति में ऋषि विश्वास दीक्षित, राजकुमार दीवान, नितिन शर्मा, राजेश गावंडे, प्रणय पाठक, सोमेश त्रिवेदी, शशिकांत मंदरे, अजय मिश्रा और श्रवण बारस्कर शामिल थे। अंपायर की भूमिका राजेश गर्ग और शशिकांत मंदरे ने निभाई।

टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार दिए गए। रितेश गुड़गे (पीपी लीजेंड) को बेस्ट बैट्समैन, अभय राज (प्रयागराज) को बेस्ट बॉलर, साहिल ठाकुर (पीपी लीजेंड) को बेस्ट विकेटकीपर, तेजस सोनी (सेंट्रल रेलवे नागपुर) को बेस्ट ऑलराउंडर, अभि कुमार (दिल्ली) को बेस्ट फील्डर और मोहित जावा (पीपी लीजेंड) को बेस्ट गेंदबाज का खिताब मिला। मैन ऑफ द सीरीज का अवार्ड भी रितेश गुड़गे को दिया गया, जबकि मोहित जावा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**टूर्नामेंट में पूरे देश की टीमों ने लिया भाग** - 27 फरवरी से शुरू हुए इस भव्य टूर्नामेंट में पूरे देश की 32 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में रणजी खिलाड़ियों ने भी शिरकत की, जिससे इसका स्तर और रोमांच दोगुना हो गया। पूरे एक महीने चले इस क्रिकेट के महाकुंभ में स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरा रहा। आयोजन समिति के विश्वास ऋषि दीक्षित ने मंच से घोषणा की कि अगले वर्ष से राजीव कप टूर्नामेंट को अखिल भारतीय टी-20 लीग के रूप में आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 12 जनवरी 2026 से होगी। हर दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। आयोजन समिति के सदस्य राजेश गावंडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## यूपीएस स्कीम के खिलाफ आज काला दिवस मनाएंगे शिक्षक-कर्मचारी

### नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के आह्वान पर करेंगे प्रदर्शन

**बैतूल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में 1 अप्रैल 2025 को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय आह्वान पर काला दिवस मनाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु और प्रांतीय अध्यक्ष परमानंद डेहारिया के नेतृत्व में शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी अपने कर्तव्य स्थल पर काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराएंगे। शाम 4 बजे सभी जिलों में कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना कर ग्रेज्युटी प्रदान करने और पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की जाएगी। इसके साथ ही स्थानीय समस्याओं को लेकर भी जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन बैतूल के जिलाध्यक्ष रवि सरनेकर ने बताया कि केंद्र सरकार ने 24 जनवरी 2025 को यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसे 1 अप्रैल 2025 से केंद्रीय शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों पर लागू किया जाएगा। पीएफआरडीए ने इसका मेमोरेंडम भी जारी कर दिया है। यूपीएस स्कीम को नेशनल पेंशन स्कीम (एनपीएस) से भी अधिक नुकसानदायक बताया जा रहा है। आर्थिक विशेषज्ञों ने इस स्कीम को कर्मचारियों के लिए अहितकारी करार दिया है। यह योजना शेयर बाजार आधारित है, जिसमें निवेश की गई राशि की कोई गारंटी नहीं है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशन केवल सेवानिवृत्ति आयु पूरी करने पर मिलेगी। हाल ही में शेयर बाजार में गिरावट के चलते कर्मचारियों को भारी नुकसान उठाना प?ा है। इसके अलावा, ग्रेज्युटी की राशि भी नाममात्र की होगी। सोशल मीडिया पर भी इस स्कीम का व्यापक विरोध हो रहा है और कई डिबेट्स हो चुकी हैं। शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी अपनी सेल्फी लेकर प्रधानमंत्री को टैग कर विरोध जताएंगे और सोशल मीडिया पर इसे साझा करेंगे।

सरनेकर ने सभी विभागों के शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए काला दिवस को सफल बनाएं। शाम 5 बजे कर्मचारी भवन बैतूल के प्रांगण में एकत्रित होकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। सभी संगठनों के जिला अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने भी कर्मचारियों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## हनुमानडोल में धूमधाम से मनेगा हनुमान जन्मोत्सव

### हवन के बाद होगा भंडारा प्रसादी

**बैतूल, देशबन्धु।** सतपुड़ा के घने जंगलों में स्थित हनुमानडोल में विराजमान चमत्कारी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर हवन-पूजन के उपरांत विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा।

श्री हनुमान डोल वेलफेयर समिति के अध्यक्ष राहुल चिंटू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पंडित शैलेश गुबरेले के निवास पर समिति के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश खंडेलवाल की अध्यक्षता में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम मनाए जाने को लेकर एक बैठक हुई। समिति उपाध्यक्ष ब्रज किशोर टीटू पांडे एवं कोषाध्यक्ष राज सिंह पिंटू परिहार ने बताया कि सुबह सात बजे से नौ बजे तक अभिषेक,हवन-पूजन होगा। हवन में पूर्णाहूति के उपरांत सुबह 10 बजे से विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा।

समिति के सचिव अमरीश सोनू शर्मा ने बताया कि समिति के वरिष्ठ सदस्य



मुकेश खंडेलवाल की पहल पर इस बार भी हनुमान जन्मोत्सव पर कमानी गेट के पास बस स्टॉप से प्रात: 11 बजे नि:शुल्क बस हनुमान डोल के लिए रवाना होगी। बस हनुमान भक्तो को वापस बैतूल लेकर आएगी। यह सिलसिला शाम छह बजे तक चलते रहेगा।

समिति के मनोज कोकाश एवं रिंकू किलेदार ने बताया बैठक में तय किया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हनुमानडोल मंदिर परिसर में विभिन्न अवसरों पर संस्थाओं के अलावा व्यक्तिगत तौर पर होने वाले भंडारा आदि आयोजन में सिंगल यूस प्लास्टिक सामग्री के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने यहां आने वाले श्रद्धालुओं से लिए निर्णय पर अमल कर सहयोग देने की अपील की। बैठक के अंत में श्री हनुमान डोल वेलफेयर समिति के अध्यक्ष राहुल चिंटू शर्मा ने आभार जताया। बैठक में धर्मेंद्र गोठी,अनिल सिंह ठाकुर, शैलेश गुबरेले, डॉक्टर नितिन देशमुख, रिंकू किलेदार, मनोज कोकाश,असीम चौधरी, अजय दुबे, सीताराम झल्लारे,मंदिर पुजारी विजेंद्र द्विवेदी आदि मौजूद थे।

## रामचरितमानस जीवन को दिशा देने वाला ग्रंथ: शर्मा

### हनुमान मंदिर बालनेर में कलश यात्रा के साथ रामकथा शुरु

**बैतूल, देशबन्धु।** भैंसदेही क्षेत्र के ग्राम बालनेर के सिद्ध हनुमान मंदिर कलश यात्रा के साथ राम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक गुरु साहब शर्मा ने रामचरितमानस की महिमा बताई और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस जीवन को दिशा देने वाला ग्रंथ है, जिसमें धर्म, भक्ति और नीति का अद्भुत संगम है।

कथा वाचक गुरु साहब ने रामचरितमानस में वर्णित चार पवित्र



घाटों प्रयागराज, चित्रकूट, काशी और अयोध्या का महत्व समझाया। प्रयागराज को ज्ञान और आत्मशुद्धि का प्रतीक, चित्रकूट को भक्ति और समर्पण का स्थान, काशी को वैराग्य और मोक्ष का द्वार और अयोध्या को धर्म और मर्यादा का प्रतीक बताया। इस पावन अवसर पर ग्राम के उपसरपंच नागोराव धोटे यजमान बने और उन्होंने बताया कि यह आयोजन लगभग तीन पीढ़ियों में पहली बार हो रहा है। ग्रामवासियों ने इस सफल आयोजन के लिए श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार जताया। श्री राम कथा 5 अप्रैल तक चलेगी। ग्रामवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से इस आयोजन में भाग लेने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## आठनेर में अवैध सागौन परिवहन करते पकड़ी गई बाइक, आरोपी फरार



**बैतूल, देशबन्धु।** दक्षिण बैतूल वनमंडल के अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में वनमंडलाधिकारी दक्षिण विजयानन्तम टीआर के मार्गदर्शन और वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेरनितिन पवांर के निर्देशन में रात्रि गश्ती के दौरान ग्राम बेलकुंड में अवैध सागौन परिवहन का मामला सामने आया। वन विभाग की टीम ने हिरो होंडा मोटरसाईकल पर 0.138 घनमीटर अवैध सागौन लकड़ी के 6 नग परिवहन करते हुए जब्त किए। जब्त की गई सागौन लकड़ी का अनुमानित मूल्य 8400 रुपये आंका गया है।

वन विभाग की कार्रवाई के दौरान आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनिमय अधिनियम 1969 की धारा 5 (1) के तहत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक हिरादेही मंगल सिंह सिकरवार, वनरक्षक झिरी सुरेन्द्र पवार, वाहन चालक नूर मोहम्मद, सुरक्षा श्रमिक बिसन और सुभाष की विशेष भूमिका रही। वन विभाग की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से अवैध सागौन परिवहन को रोका जा सका। जांच में जुटी टीम आरोपी की पहचान करने में लगी है। विभाग ने अवैध वनोपज परिवहन पर सख्ती बरतने का संदेश दिया है।

## अन्नपूर्णा फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी ने जान से मारने की दी धमकी

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल मुख्यालय के विकास नगर निवासी सूर्यकांत सोनी ने अन्नपूर्णा फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शिकायतकर्ता श्री सोनी ने बताया कि उनके द्वारा विगत जनवरी 2024 में अन्नपूर्णा फाइनेंस कंपनी से लोन लिया था, जिसकी ईएमआई उनके द्वारा नियत तिथि पर जमा कर दी जाती है। सिर्फ मार्च माह की किस्त बची थी, जो जमा करने ही वाले थे। परंतु अन्नपूर्णा फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी सुमित मालवीय रात 9 बजे शराब के नशे में घर आए और अप शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्र व्यवहार, जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान कर्मचारी सुमित के साथ हर्ष सूरजा भी मौजूद थीं। जिन्हें पीड़ित ने मार्च माह किस्त की नगद राशि दे दी। अन्नपूर्णा फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी देने पर पीड़ित और परिवार में दहशत व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाते हुए उक्त कंपनी के कर्मचारी पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## आत्महत्या के लिए उकसाने और धोखाधड़ी के मामले में आरोपी दोषमुक्त

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा की गई आत्महत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। विशेष न्यायाधीश डॉक्टर कु. महजबीन खान ने आरोपी रमेश को आत्महत्या के लिए उकसाने और धोखाधड़ी तथा बैंक लोन राशि हड़पने के आरोपों से दोषमुक्त कर दिया है।

इस मामले में आरोपी की ओर से अधिवक्ता मनीष गर्ग और अधिवक्ता मदन हीरे ने अदालत में प्रभावी तर्क प्रस्तुत किए। उन्होंने अदालत को ठोस साक्ष्य और गवाहों के आधार पर यह विश्वास दिलाया कि आरोपी पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। मृतक आरोपी के कारण नहीं बल्कि उसके अनेक व्यक्तिगत कारणों से परेशान था। आरोपी ने तो मृतक को आर्थिक संकट में पाकर उसकी मदद ही की थी। अभियोजन द्वारा आरोपी पर लगाए गए आरोप लेस मात्र भी प्रमाणित नहीं किए गए, बचाव पक्ष की दलीलों के बाद न्यायालय ने आरोपी रमेश को दोषमुक्त कर दिया। मृतक व्यक्ति ने आत्महत्या से पहले अलग अलग सुसाइड नोट्स लिखे थे, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि रमेश ने उनके बैंक खाते से केसीसी लोन की राशि निकाल ली।

## स्वच्छता अभियान -दूसरे दिन काशी तालाब और कान्हावाडी के पिपरी नदी पर किया श्रमदान

### जल संरक्षण के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक

**बैतूल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत जन अभियान परिषद बैतूल द्वारा रविवार को काशी तालाब की साफ सफाई की गई। इसके अलावा घो?ाडोंगरी, शाहपुर में श्रमदान और चौपाल के माध्यम से जल संचय और संवर्धन के लिए जागरूक किया गया।

जल संचय और संवर्धन के महत्व को ग्राम में सभी तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठी भी आयोजित की गई। जल के महत्व के विषय में सभी लोगों से



उसके धार्मिक एवं सामाजिक महत्व पर चर्चा की गई। कान्हावा?ी ग्राम के पिपरी ग्राम में पिपरी नदी पर सांकेतिक श्रमदान कार्यक्रम कर जल की महत्वता पर ग्रामीणों को समझाइए दी गई, जिसमें जनपद सदस्य श्रीमती सावन गंजाम, सामाजिक कार्यकर्ता श्री जोधा धुर्वे एवं जन अभियान परिषद की सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट, नवांकुर संस्था एवं परामर्शदाताओं का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक संतोष सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे।

शाहपुर ब्लॉक के प्रस्फुटन ग्राम बरेठा में हनुमान मंदिर के संत श्री ब्रह्मानंद निर्वाण जी महाराज के मंदिर प्रांगण में चौपाल आयोजित कर जल संचय के महत्व और संवेदनशीलता का प्रचार-प्रसार करने की चर्चा की। जिसमें नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, परामर्श दाता एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के सामाजिक कार्यकर्ता ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसके पश्चात जंगली पशुओं के पानी पीने के लिए स्थित जल संरचना पर स्वच्छता अभियान चलाकर उन्हें साफ किया गया और मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया।

## युवक 8 दिन से लापता

**बैतूल, देशबन्धु।** मुलताई के विवेकानंद वार्ड निवासी मनोहर पिता लक्ष्मीचंद साहू उम्र 25 वर्ष बीते शनिवार 22



मार्च से लापता है। सीसीटीवी फुटेज में उसे एक अनजान युवक के साथ जाते हुए देखा गया था, लेकिन आठ दिन बीत जाने के बावजूद अब तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजन और समाज के लोग लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए हैं, लेकिन पुलिस जांच में अब तक कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।

थाना मुलताई में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से साहू समाज में आक्रोश है। समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक के नाम तहसीलदार मुलताई अनामिका सिंह को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द युवक को खोजने और मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है। समाज के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन अगले आठ दिनों में ठोस कार्रवाई नहीं करता है तो वे मजबूरन सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में नितेश साहू, गणेश साहू, कृष्णा साहू, रामदास साहू, पवन साहू, योगेश मोहन साहू, राजेश साहू, नगेंद्र साहू, शेषराव साहू, रवि साहू, बबलू साहू समेत समाज के अनेक सदस्य शामिल थे। सभी ने प्रशासन से जल्द से जल्द मनोहर साहू को खोजने की मांग करते हुए कहा कि यदि कोई अनहोनी होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## आदर्श शिक्षक नित्यरंजन हुए सेवानिवृत, सैकड़ों शिक्षकों ने दी विदाई

**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी विकासखंड के प्राथमिक शाला टेमरूमाल लोहारढाना में वर्षों तक अपनी सेवा देने वाले



शिक्षक नित्यरंजन सिकदर को उनके अर्धवार्षिक सेवा पूर्ण होने पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय निश्चिंतपुर संकुल केंद्र में सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

62 वर्ष की अर्धवार्षिक आयु पूर्ण की नित्यरंजन सिकदर ने अपने सेवाकाल में शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किए और छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनकी विदाई के अवसर पर जिले भर से शिक्षक व शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिला अध्यक्ष रवि सरनेकर, आदर्श शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कटारे, जिला उपाध्यक्ष राजू गंगारे समेत जिले के कई शिक्षाविद् मौजूद रहे। सभी ने सिकदर की सेवाओं की सराहना की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षकों ने सिकदर को शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और उनके योगदान को यादगार बनाने के लिए कई भावुक शब्द कहे। संकुल केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षकों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक गरिमामयी बना दिया।

